**Ans. (b) :** सही सुमेलन है-

| | | |
|---|---|---|
| गंगानगर | - | Bwhw |
| जयपुर | - | cwg |
| अलवर | - | cwg |
| कोटा | - | Aw |

**419. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**
**कोपेन के जलवायु प्रदेश**
**(a) AW**
**(b) BShw**
**(c) BWhw**
**(d) Cwg**
**जिले**
**(i) बांसवाड़ा**
**(ii) गंगानगर**
**(iii) धौलपुर**
**(iv) सीकर**
**कूट है-**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | iv | ii | iii |
| (b) | i | iv | iii | ii |
| (c) | iv | i | ii | iii |
| (d) | iii | iv | `ii | i |

**Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022**

**Ans. (a) :** सही सुमेलन इस प्रकार हैं-

| | कोपेन के जलवायु प्रदेश | | जिले |
|---|---|---|---|
| (i) | AW | – | बांसवाड़ा |
| (ii) | BShw | – | सीकर |
| (iii) | BWhw | – | गंगानगर |
| (iv) | CWg | – | धौलपुर |

**420. एरिडीसोल्स राजस्थान के ______ जलवायु क्षेत्रों में मिलती है।**
(a) आर्द्र (b) अर्द्ध-शुष्क
(c) शुष्क (d) उप-आर्द्र

**Live stock Asst.-2016**
**Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022**

**Ans. (c) :** एरिडीसोल राजस्थान की शुष्क जलवायु में पायी जाने वाली मृदा हैं। यह मिट्टी राज्य के अलवर, जयपुर और अजमेर जिले के कुछ क्षेत्रों में विस्तृत है।

**421. जून-जुलाई माह में कौन से जिले में सर्वाधिक धूल भरी आँधियाँ चलती है?**
(a) बीकानेर (b) जैसलमेर
(c) जोधपुर (d) गंगानगर

**पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथि:19-09-2020**

**Ans. (d)** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में जून-जुलाई माह में सर्वाधिक धूल भरी आँधियां चलती हैं। यह लगभग 27 दिनों तक चलती है। दूसरा सर्वाधिक आंधियों वाला जिला हनुमानगढ़ (23 दिन) है। उच्च तापमान, जमीन में नमी की कमी, अधिक धूल और अधिक मरूस्थलीकरण धूलभरी आंधी के लिए उत्तरदायी कारक होते हैं। धूलभरी आंधी के कारण हवा में सूक्ष्म कणों की मात्रा में वृद्धि हो जाती है जिससे वायु की गणुवत्ता खराब हो जाती है।

**422. निम्नांकित में से कौन सा राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाला आधारभूत तत्व है।**
(a) समुद्र से दूरी (b) समुद्र तल ऊँचाई
(c) तापमान (d) वनस्पति

**पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (a)** राजस्थान की जलवायु शुष्क से उप-आर्द्र मानसूनी जलवायु है। अक्षांशीय स्थिति, समुद्र से दूरी, अरावली पर्वत श्रेणियों की स्थिति, समुद्र तल से ऊँचाई आदि राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करते हैं।

**423. राजस्थान में थार्नवेट के जलवायु प्रदेश EA'd में कौनसा क्षेत्र नहीं आता?**
(a) बाड़मेर (b) जैसलमेर
(c) जोधपुर (d) हनुमानगढ़

**लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018**

**Ans. (d)** थार्नवेट ने जलवायु वर्गीकरण वाष्पोत्सर्जन के वितरण के आधार पर 4 प्रकार के क्षेत्रों में राजस्थान को विभाजित किया। CA'w, DA'w, DB'w, तथा EA'd. EA' d (या) उष्ण शुष्क (मरूद्भिद) जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, तथा बीकानेर का दक्षिणी-पूर्वी भाग आते हैं। हनुमानगढ़ जिला DB'w या अर्द्ध शुष्क (मिश्रित) जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत आता है।

**424. पश्चिमी राजस्थान में न्यून वर्षा के लिए उत्तरदायी मूल अंशदायी कारण क्या है-**
(a) वृष्टि छाया प्रदेश में क्षेत्र की अवस्थिति
(b) अति उष्ण स्थल-खण्ड पर द.-पूर्वी आर्द्रतावाही हवाओं का आकस्मिक प्रवेश
(c) भारतीय मानसून का प्रक्रियातन्त्र
(d) अरावली पर्वत श्रेणी की दिक्स्थिति

**Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016**

**Ans. (*) –** पश्चिमी राजस्थान में न्यून वर्षा के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारण अरावली पर्वत श्रेणी की दिक्स्थिति, वृष्टि छाया प्रदेश में क्षेत्र की अवस्थिति तथा इसके साथ ही भारतीय मानसून का प्रक्रियातंत्र है। अरब सागर का मानसून दक्षिण-पश्चिम दिशा से राजस्थान में प्रवेश करता है। अरावली पर्वत श्रेणियाँ मानसूनी हवाओं के चलने की दिशा के अनुरूप होने के कारण मार्ग में बाधक नहीं बन पातीं। अतः मानसूनी पवनें सीधी निकल जाती हैं और वर्षा नहीं करा पातीं। इस प्रकार पश्चिमी क्षेत्र अरावली का वृष्टि छाया प्रदेश होने के कारण अल्प वर्षा प्राप्त करता है।

**425. कोपेन द्वारा प्रस्तुत जलवायु प्रदेशों में से राजस्थान में कौनसा सुमेलित नहीं है-**
(a) Aw--- राजस्थान का दक्षिणी भाग
(b) Cwg---राजस्थान का उत्तरी भाग
(c) BWhw----- शुष्क मरुस्थल
(d) BShw ---- अर्द्ध शुष्क मरुस्थल

**RPSC Collage Lect. (Sanskrit) -2022**
**Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016**

**Ans. (b)** कोपेन ने राजस्थान की जलवायु को 4 भागों में बाँटा है-
(i) AW या उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश - राजस्थान के दक्षिणी तथा दक्षिणी पूर्वी भाग में।
(ii) Cwg या उपोष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश - अरावली के दक्षिणी पूर्वी भाग में।